
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 123 मुरादाबाद 29 August 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी बोले, गुजरात को बदनाम करने और निवेश रोकने की साजिशें हुईं; फिर भी हुआ विकास



भुज, एजेंसी- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भुज में कहा कि गुजरात को बदनाम करने और उनके गृह राज्य में निवेश रोकने की साजिशें हुई हैं, लेकिन गुजरात ने उनकी अनदेखी की और प्रगति की नई राह पकड़ी। पीएम मोदी इस साल के अंत में होने वाले गुजरात चुनाव से पहले भुज जिले में विकास कार्यों का उद्घाटन और आधारशिला रखने के बाद एक रैली को संबोधित कर रहे थे। भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र होगा पीएम मोदी ने कहा कि वह स्पष्ट रूप से कल्पना कर सकते हैं कि अब कई कमियों के बावजूद भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र होगा। पीएम ने भुज में लगभग 4400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें सरदार सरोवर परियोजना की कच्छ शाखा नहर, सरहद डेयरी के नए स्वचालित दूध प्रसंस्करण और पैकिंग प्लांट, भुज में क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, डॉ बाबासाहेब अंबेडकर कन्वेंशन सेंटर शामिल हैं। द्धड्डद्दड्डद्धहमने आपदा को अवसर में बदला मोदी ने कहा कि जब गुजरात एक के बाद एक प्राकृतिक आपदाओं से निपट रहा था, देश और दुनिया में गुजरात को बदनाम करने की साजिश रची गई थी। गुजरात में आने वाले निवेश को रोकने के लिए बार-बार प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि गुजरात ने इसे बदनाम करने के सभी प्रयासों को नजरअंदाज किया, साजिशों को धता बताया और राज्य ने प्रगति के एक नए औद्योगिक पथ का निर्माण किया। 2001 के कच्छ भूकंप के बाद विनाश के बीच मैंने कच्छ के पुनर्विकास के बारे में बात की थी और हमने इसके लिए कड़ी मेहनत की थी। चुनौती की उस घड़ी में हमने घोषणा की थी कि हम आपदा को अवसर में बदल देंगे और हमने इसे हासिल कर लिया। आज आप परिणाम देख रहे हैं।गुजरात आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू करने वाला देश का पहला राज्य उन्होंने कहा कि कई लोगों ने कहा कि कच्छ भूकंप से उबर नहीं पाएगा, लेकिन वहां के लोगों ने परिदृश्य बदल दिया है। जब मैं लाल किले की प्राचीर से कहता हूं कि 2047 तक भारत एक विकसित देश हो जाएगा, हालांकि अभी आप कई कमियां देख सकते हैं, मैं इसकी स्पष्ट रूप से कल्पना कर सकता हूं। आज हमने जो संकल्प लिया है, वह निश्चित रूप से 2047 में साकार होगा। उन्होंने कहा कि गुजरात आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इस अधिनियम से प्रेरणा लेकर पूरे देश के लिए एक समान कानून बनाया गया। इस अधिनियम ने कोविड-19 महामारी के दौरान देश की हर सरकार की मदद की।वेल्डिंग पाइप निर्माण के मामले में कच्छ दुनिया में दूसरे स्थान पर 2001 में कच्छ की तबाही के बाद से किए गए अविश्वसनीय कार्यों पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि 2003 में क्रांतिगुरु श्यामजी कृष्ण वर्मा कच्छ विश्वविद्यालय का गठन किया गया था और 35 से अधिक नए कालेज भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने भूकंप रोधी जिला अस्पतालों और क्षेत्र में 200 से अधिक कार्यात्मक क्लीनिकों के बारे में भी बात की और कहा कि हर घर को पवित्र नर्मदा नदी का साफ पानी मिलता है, जो उन दिनों की कमी से बहुत दूर है। भूकंप के बाद क्षेत्र के विकास के बारे में बोलते हुए मोदी ने कहा कि कच्छ में आज दुनिया के सबसे बड़े सीमेंट संयंत्र हैं। वेल्डिंग पाइप निर्माण के मामले में यह दुनिया में दूसरे स्थान पर है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा संयंत्र कच्छ में है। एशिया का पहला विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसइजेड) कच्छ में आया है। कांडला और मुंद्रा बंदरगाह भारत के 30 प्रतिशत कार्गो को संभालते हैं और कच्छ देश के 30 प्रतिशत नमक का उत्पादन करते हैं।

### आजादी के बाद हुई खादी की अनदेखी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि खादी %विकसित और आत्मनिर्भर% भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकती है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि कभी स्वाभिमान के प्रतीक खादी को स्वतंत्रता के बाद घटिया उत्पाद माना जाने लगा। साबरमती रिवरफंट पर आयोजित खादी उत्सव को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि इतिहास गवाह है कि खादी का धागा स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया और लोगों ने गुलामी की जंजीरों को तोड़ दिया। उसी तरह खादी का धागा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने, आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रेरणा का स्रोत हो सकता है।

### अटल सेतु का उद्घाटन

खादी उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में साबरमती नदी पर बने अटल सेतु का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह पुल न सिर्फ साबरमती के दो किनारों को जोड़ेगा, बल्कि डिजाइन और इनोवेशन में भी यह अभूतपूर्व है। पीएम ने कहा कि गांधीनगर और गुजरात ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को बहुत प्यार दिया है। 1996 में अटलजी गांधीनगर से रिकार्ड मतों से लोकसभा चुनाव जीते थे। यह पुल स्थानीय लोगों द्वारा उनको हार्दिक श्रद्धांजलि है।

### मां हीराबा से मिले पीएम

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार की शाम अपनी मां हीराबा से मिलने गए। हीराबा गांधीनगर के रायसण इलाके में अपने छोटे बेटे पंकज मोदी के साथ रहती हैं। प्रधानमंत्री ने लगभग आधा घंटा उनके साथ बिताया। इसके बाद वे रात्रि विश्राम के लिए राजभवन चले गए। इससे पहले 18 जून को हीराबा के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर मोदी उनसे मिलने गए थे।

## ट्विन टावर ध्वस्त, 3 अग्नि, 12 ब्रह्मोस या 4 पृथ्वी मिसाइलों के बराबर विस्फोटक का हुआ इस्तेमाल



नोएडा में बने सुपरटेक ट्विन टावर को गिरा गया है। ट्विन टावर को गिराने के लिए 3500 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। इन दो टावर को गिराने के लिए जितने विस्फोटक लगे हैं उसकी मात्रा अग्नि-वी मिसाइल के वारहेड या फिर ब्रह्मोस मिसाइल के या फिर पृथ्वी मिसाइल के चार वारहेड के बराबर था। कुतुब मीनार से ऊंचे बन टॉवर का निर्माण नोएडा के सेक्टर 93 ए में किया गया था। टावर्स को गिराने के लिए करीब 20 करोड़ रुपए का खर्चा आया हैइंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों टॉवर की ऊंचाई 100 मीटर से थोड़ी अधिक थी। टावर को गिराने के लिए वाटरफॉल इम्प्लोजन तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। जिसकी वजह से यह बिल्डिंग जिस जगह बनी थी उसी जगह ताश के पत्तों की तरह धाराशाही हो गई। विस्फोट के लिए लगाए गए बटन और बिल्डिंग को गिरने की पूरी प्रक्रिया करीब 9 सेकेंड में पूरी हो गई। वो अलग बात है कि पूरा इलाका धूल के गुबार में तब्दील हो गया था।

### अग्नि वी मिसाइल

अग्नि वी आईसीबीएम को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (छ्रष्ठह्र) और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की ओर से विकसित किया गया है। मिसाइल का वजन करीब 50000 किलोग्राम है। मिसाइल 1.75 मीटर लंबी है जिसका व्यास दो मीटर है। इसमें 1500 किलोग्राम वजनी हथियार को रॉकेट बूस्टर के ऊपर रखा जाता है।

### ब्रह्मोस मिसाइल

ब्रह्मोस 300 किलोग्राम (पारंपरिक और परमाणु दोनों) का वारहेड ले जाने में सक्षम है और इसकी टॉप सुपरसोनिक गति मच 2.8 से 3 (ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना) है। ब्रह्मोस मिसाइल भारत के डीआरडीओ और रूस के एनपीओएम के बीच एक संयुक्त उद्यम है और दोनों टीमें इसमें शामिल है। इस मिसाइल का इस्तेमाल समुद्र के साथ-साथ जमीन पर तय किए गए टारगेट को ध्वस्त करने का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस मिसाइल को सशस्त्र बलों में शामिल किया गया है। इसे पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या भूमि प्लेटफार्मों से लॉन्च किया जा सकता है।

### पृथ्वी मिसाइल

पृथ्वी एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (ढ्ढत्रस्रक्क) के तहत भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (छ्रष्ठह्र) द्वारा विकसित एक सामरिक सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (स्क्रक्चरू) है। इसे इंडिया स्ट्रैटेजिक फोर्स कमांड की ओर से तैनात किया गया है।

# काव्य धारा ने किया 25 साहित्यकारों को सम्मानित

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली-आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अखिल भारतीय काव्यधारा रामपुर उ प्र की बरेली इकाई के तत्वावधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय आजाद पैलेस बदायूँ रोड में किया गया ।जिसमें उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों के रचनाकार सम्मलित हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र कमल आनंद की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि लहर ( निजी सचिव - भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ रहीं विशिष्ट अतिथि रामप्रकाश ओज, राम रतन यादव एवं रामकृष्ण शर्मा रहे। संचालन रणधीर प्रसाद गौड़ धीर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर हुआ। मां शारदे की वंदना रागिनी गर्ग ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राम कृष्ण शर्मा,एस. के. कपूर श्री हंस, ठा. राम प्रकाश सिंह को ओज, बरेली को काव्यधारा महारथी-सम्मान , राम कुमार भारद्वाज अफरोज, आनंद पाठक , रीतेश कुमार साहनी ,डॉ शिव शंकर यजुर्वेदी , हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष ,उमेश त्रिगुणायत अद्भुत( पीलीभीत ), प्रेम शंकर शास्त्री ( लखनऊ ) दिनेश समाधिया दिनेश , ( बीसलपुर ) ईश्वर दयाल गोस्वामी , सागर ( म .प्र. ),डॉ शालिनी शर्मा मुक्ता, श्रीमती सरिता वाजपेयी ( शाहजहाँपुर ) ,श्रीमती रागिनी गर्ग ( रामपुर ), श्रीमती रजनी सिंह, डॉ गीता चौहान ,श्रीमती रश्मि लहर ( लखनऊ ),राम रतन यादव रतन( खटीमा ) ,ओंकार सिंह विवेक( रामपुर ), राजबाला धैर्य , श्री सुभाष रावत राहत बरेलवी श्रीमती शिवरक्षा पाण्डेय को प्रदान किया गया सम्मान स्वरूप काव्यकारों को उत्तरीय प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र कमल आनंद, राष्ट्रीय महासचिव राम किशोर वर्मा, बरेली मंडल अध्यक्ष डॉ महेश मधुकर, उपाध्यक्षा राजबाला धैर्य,शालिनी शर्मा मुक्ता एवं सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने प्रदान किया। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से देर शाम तक शमाँ बांधे रखा और श्रोताओं का मन-मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सर्वश्री बरेली मंडल अध्यक्ष डॉ महेश मधुकर,सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट,धैर्य, रामकिशोर वर्मा, सत्य पाल सजग, पृथ्वीराज सिंह आनन्दित, स्नेहा सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- मा0 मंत्री नगर विकास, नगरीय रोजगार, गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत श्री अरविन्द कुमार शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में माननीय जनप्रतिनिधिगणों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास श्री धर्मपाल सिंह, मा0 राज्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, मा0 राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण ( स्वतंत्र प्रभार ) डा0 अरूण कुमार, मा0 सांसद श्री संतोष कुमार गंगवार, मा0 सांसद श्री धर्मेन्द्र कश्यप, मा0 महापौर श्री उमेश गौतम, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य ( एमएलसी ) श्री कुंवर महाराज सिंह, मा0 एलएलसी पुलिस अधीक्षक श्री सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज, मुख्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेश सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। माननीय मंत्री जी ने कहा कि इस वर्ष गर्मी ज्यादा थी, जिसके चलते विद्युत की मांग ज्यादा बढ़ने के कारण विद्युत सप्लाई में समस्या उत्पन्न हुई। मा0 मंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बिजली उत्पादन डेढ़ गुना ज्यादा सप्लाई हो रही है। चूंकि इस वर्ष वर्षा कम होने के कारण कृषि क्षेत्र में बिजली की ज्यादा मांग बढ़ी है। इसके कारण किसानों को बिजली सप्लाई में दिक्कत आ रही है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए मा0 मंत्री जी ने जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों को सहयोग एवं संयम बरतने का आदेश दिया।

## जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के नेतृत्व में विशारत गंज बाजार में पद यात्रा निकाली गई

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- पद यात्रा शुरू होने से पहले उपस्थित श्रेत्र वासीयों और कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि 4 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक विशाल जनसभा होने जा रही है लगातार बढ़ रही महंगाई, बढ़ रही बेरोजगारी, घरेलू रसोई गैस, डीजल - पेट्रोल के दामों में हो रही लगातार मूल्य वृद्धि आदि जन समस्याओं को लेकर हल्ला बोल जनसभा जिसको अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद माननीय राहुल गांधी जी के साथ-साथ तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संबोधित करेंगे भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकारों ने आप जनता को सपने दिखाकर सिर्फ अपना हित और सरकार बनने के बाद वह अपने उद्योगपति मित्रों का हित साद रही है उन को फायदा पहुंचाया जा रहा है लोगों को डराया धमकाया जा रहा है भय का वातावरण बना हुआ है लेकिन कांग्रेसका एक-एक कार्यकर्ता कांग्रेस का सच्चा सिपाही है वह ना तो डरा है ना झुका है ना झुकेगा यूं ही आगे बढ़ता चला जाएगा । उपस्थित कांग्रेस जनों में जिला कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफी, रियाजुल परधान, सरफराज बेग, कोनैन अंसारी, जाहिद अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी , नन्हे, शमीम अहमद, गंगा पाल , सलीम, इशरत, राजू सहित बड़ी संख्या में श्रेत्रवासी और कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।

# SDO अनिरुद्ध कुमार मौर्य के आदेशानुसार दूर की गई कई गांवों की विद्युत आपूर्ति समस्या

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



जालौन - अधीक्षण अभियंता के निर्देश अनुसार उपखंड अधिकारी श्री अनिरुद्ध कुमार मौर्य और जे ई श्री रामू गुप्ता की देखरेख मे कोंच द्वितीय बिजली घर पर स्थापित सामी फीडर और दोहर फीडर जिससे सामी, दोहर गेंदोली , कुदरा समेत अन्य कई गांवों के किसानों को लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ता था जिससे किसानों को सुचारू रूप से बिजली न मिलने के कारण खेती में लाखो रुपये का नुकसान उठाना पड़ता था । जिसको देखते हुए आज स्डह अनिरुद्ध कुमार मौर्य ने किसानों की समस्याओं को देखते हुए दोहर फीडर ,सामी फीडर जो कि पहले एक ही मशीन से थे को अलग अलग मशीन से करके भविष्य मे होने वाली परेशानी को दूर करके विद्युत आपूर्ति सूचार रूप से चालू कराई जिससे कई गांवों में खुशहाली का माहौल व्याप्त है ।

# आप लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है हम आपके लिए तत्पर खड़े हैं - जिलाधिकारी


पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



जालौन - जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने तहसील माधौगढ़ के ग्राम निनावली जागीर में मोटर बोट से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बाढ़ राहत पैकेट, पीने का पानी, बिस्कुट, राशन किट आदि वितरित किए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच कर ग्रामीणों से वार्ता कर हालचाल जाना। उन्होंने वहां रह रहे लोगों से कहा कि आप लोगों को किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है हम आपके लिए तत्पर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति को निपटने के लिए बाढ़ चौकियां तथा प्रशासनिक के अधिकारियों व डाक्टरों आदि को लगाया गया है जिससे किसी भी ग्रामीण को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि माधौगढ़ तहसील के 24 गांव बाढ़ से प्रभावित है ऐसे समस्त गांव को राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई है साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संयुक्त रसोई बनाई गई है जिससे किसी को खानपान की कोई समस्या न हो सके इसकी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिन घरों में बाढ़ का पानी पहुंचा है उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणसील रह कर स्थिति का जायजा लेते रहने तथा बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने के निर्देश दिए साथ ही साथ उन्होंने नाव में दवाइयां राशन सहित आवश्यक व्यवस्थाएं निरंतर सुनिश्चित बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

# पीड़ित परिवार पलायन को मजबूर

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर- योगी सरकार का भयमुक्त समाज का नारा खुटार पुलिस की मेहरबानी के चलते खोखला साबित होता जा रहा है, रेप पीड़िता व परिवार को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, पुलिस कोई भी कार्रवाई नहीं कर रही है, नाबालिग रेप पीड़िता के परिवार की थाने में सुनवाई न होने से परिवार उच्चाधिकारियों से मिलना चाहता है, लेकिन परिवार खौफ के साये में है और अधिकारियों से मिलने के लिए पहुंचने में भी बेबस दिखाई दे रहा है। धमकी दे रहे हैं, जिसके चलते पीड़ित परिवार गांव से पलायन करने की बात कर रहा है, मामला क्षेत्र के गांव का टाहखुर्द कलाँ का है जहां आजादी के वर्षगांठ के दिन गांव के ही एक दबंग द्वारा घर में घुसकर नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया था पीड़िता ने आरोपित पत्र देते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई थी जिस पर पुलिस ने छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की थी आरोप है कि पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार की मदद नहीं कर रहा है,आरोपी पीड़ित परिवार को समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, माहौल यह है कि अपनी जान का खतरा देखते हुए पीड़ित परिवार इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करने के लिए भी घर से बाहर नहीं जा पा रहा है।

# PM Modi की पसंद दिलशाद के कलश की विदेश में बढ़ी डिमांड, बारीक नक्काशी बनाती है कलश को खूबसूरत

मुरादाबाद-हस्तशिल्प यानी हाथों की जादूगिरी। हुनर को सम्मान मिलता है तो कारीगर का हौसला और बढ़ जाता है। पीतल की वस्तु पर बारीक नक्काशी करने वाले शिल्पगुरु दिलशाद हुसैन की तो खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सराहना की है। उनका नक्काशीदार कलश न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पसंद किया। बल्कि जी-7 समिट में जर्मन के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज को भेंट भी किया। इस कलश का अब विश्व मुरीद हो गया है। मुरादाबाद शहर के निर्यातकों को इसके आर्डर मिलने लगे हैं।





### पूरी दुनिया में पसंद की जाती है मुरादाबादी नक्काशी

मुरादाबादी नक्काशी दुनियाभर में पसंद की जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिलशाद हुसैन की नक्काशी वाला कलश लखनऊ में पसंद आया था। इसके बाद उन्होंने जी-7 में कलश जर्मन चांसलर को भेंट किया। कलश पर बारीक नक्काशी को दिलशाद की भाषा में ताज दरमियानी कहा जाता है। 79 वर्षीय दिलशाद बताते हैं कि एक कलश तैयार करने में ही छह माह लग जाते हैं। पीतल की कीमत नहीं, कलश पर नक्काशी की ही कीमत होती है। शिल्पगुरु पूरी लगन से नक्काशी करते हैं। वह कोई भी उत्पाद तैयार करते हैं तो उद्योग निदेशालय एवं उद्यम प्रोत्साहन को मास्टर पीस के फोटो भी भेज देते हैं।अब तक छह माह में एक-दो कलश की मांग रहती थी। प्रधानमंत्री के भेंट करने के बाद विदेश से करीब 50 कलशों की मांग आई है। छह माह की लगातार नक्काशी होने के बाद एक कलश छह सौ रुपये के पीतल के बजाय 20 हजार रुपये का हो जाता है। दिलशाद के साथ उनके शिष्य भी कलश तैयार कर रहे हैं।

### ईरान भी नक्काशी सिखाकर आए हैं दिलशाद

दिलशाद को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने के साथ ही शिल्पगुरु का खिताब भी मिल चुका है। वर्ष 2015 में वह विशेष आमंत्रण पर ईरान भी गए थे। वहां लोगों को मुरादाबाद कलम ( नक्काशी करने वाला औजार ) चलाना सिखाया। दिलशाद बताते हैं कि नक्काशी की खास कला दादा अब्दुल अखलाक हमीद से 10 साल की उम्र में सीखनी शुरू कर दी थी। दादा के स्वर्गवास होने के बाद उनके चाचा कल्लू अंसार ने उन्हें खाया। फिर वह हुनर को लगातार निखारते चले गए।

### विदेश में पसंद की जा रही नक्काशी

नक्काशी के काम को टर्की, रूस और दुबई में ज्यादा पसंद किया जाता है। इसमें नेशनल, चुनिया जाली, बिक्री, दरमियानी, जापानी, मरोड़ी का वर्क कलश और अन्य पीतल के बर्तनों पर किया जाता है। बारीक नक्काशी को देश में जयपुर समेत अन्य स्थानों पर भी पसंद किया जाता है।

### आंख, हाथ और दिमाग एकसाथ काम करते हैं तब बनती है नक्काशी

शिल्पगुरु दिलशाह हुसैन ने बताया कि नक्काशी के लिए दिमाग, आंख और हाथों को एकसाथ काम करने में लगाया जाता है। पीतल के किसी भी बर्तन पर पहले पेंसिल से कच्चा डिजाइन बनाया जाता है। इसके बाद फिर नुकीली कलम चलाई जाती है। देश की सरकार हर हुनर कि पहचान कर उसका सम्मान कर रही है। युवाओं से भी यही अपील करूंगा कि वह मुरादाबाद की पहचान को आगे बढ़ाएं।

### डिमांड बढ़ने से निर्यातकों के चेहरे चमके

मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन के संरक्षक नजमुल इस्लाम ने बताया कि पीतल पर बारीक नक्काशी के काम को विदेश में भी पसंद किया जाता है। पीतल की चमक के साथ बारीक काम बहुत खूबसूरत लगता है। हम लोग प्रदर्शनी के लिए नक्काशी का स्टाक तैयार करा रहे हैं। प्रदर्शनी में बायर की डिमांड हर बार अलग होती है। कलश की मांग भी आई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सरकार के मंत्री जयसिंह अग्रवाल जी के परिवार जनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए जीपीएम जिला के नेतागण



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- कोरबा के मेहर वाटिका में श्रीमद भागवत कथा में आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी जी द्वारा कथा श्रवण किये ,माननीय मंत्री छत्तीसगढ़ शासन जयसिंह अग्रवाल जी के परिवार द्वारा आयोजित 8 दिन लगातार कथा चलेगी। जीपीएम जिला से आज राज्य आयोग की सदस्य अनुसूचित जनजाति सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते ,प्रदेश महासचिव फहीम खान ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंकर कंवर ,जिला प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह बघेल ,उपाध्यक्ष प्रताप भानु आईटी सेल के लोगसभा सचिव बहादुर सिंह कार्यक्रम में पहुँच कर भागवत कथा का ज्ञान अर्चित किये। आज कथा का पहला दिन वराह अवतार का स्वामी जी ने कथा सुनाये भगवान विष्णु के अवतार हैं । जब जब धरती पापी लोगों से कष्ट पाती है तब तब भगवान रूप धारण कर इसके दुःख दूर करते हैं। दैत्य हिरण्याक्ष ने जब पृथ्वी को जल में डुबो दिया था तब भगवान विष्णु वराह अवतार लेकर पृथ्वी का कल्याण किया था। इनकी शक्ति अथवा पत्नी देवी वाराही हैं जो भगवती लक्ष्मी की स्वरूप हैं और इनमें देवी पार्वती जी की शक्तियां हैं।

# स्वतंत्रता के अमृत वर्ष मे हमारे राष्ट्रपति महोदय ने भी पर्यावरण की विशेष चिंता करने की राष्ट्र को संदेश दिया

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली-- हमारे शहर के लिए यह असीम प्रसन्नता एवं गौरव की बात है कि आप,हमारे विधायक जी, इस समय शासन के मंत्रिमंडल के माननीय सदस्य है। आप की सहजता, सरलता, तत्परता और विद्वता से सारा नगर हृदय से प्रभावित और कृतज्ञ रहता है। श्री शिरडी साई मंदिर श्यामगंज से आप का जुडाव मुझे निजानंद प्रदान करता रहा है। समाज और राष्ट्र में बढ़ते विकास के क्रम में पर्यावरणीय संचेतना और संवेदनशीलता भी एक नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्य है। माँ प्रकृति की आराधना और सानिध्य हमारे समष्टि गत अस्तित्व के लिए अपरिहार्य है। स्वतंत्रता के अमृत वर्ष मे हमारे राष्ट्रपति महोदय ने भी पर्यावरण की विशेष चिंता करने की राष्ट्र को संदेश दिया है। एक पेड सौ पुत्र समान हमारी भारतीय संस्कृति और धर्म की मान्यता है। मैनें एक छोटी ईकाई के रूप में सर्व प्रथम अपने श्यामगंज साई मंदिर में सभी नक्षत्रों एवं नवग्रहों से जुडे पौधों की एक वाटिका निर्मित की तदुपरांत शहर के गांधी उद्यान में नगर निगम से संपर्क कर एवं वहां का प्रशंसनीय सहयोग पाकर एक नक्षत्र और ग्रह वाटिका तैयार करायी जो आज फल फूल रही है और सभी आगंतुको को आकृष्ट करते हुए पर्यावरण के प्रति मौन प्रेरणा देती है। मेरी प्रार्थना है कि आप अपने समर्थ स्तर से नगर निगम, नगर पालिकाओं तथा वन एवं पर्यावरण विभाग के संयुक्त नेतृत्व में पूरे प्रदेश के सभी महानगरों तथा जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर यथोचित स्थान चयनित कर नक्षत्रबाटिका तथा नवग्रह वाटिकाओं का निर्माण कराना एवं उसके देख रेख के लिए सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं का प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें। इससे पर्यावरणीय संचेतना तथा हरिशंकरी भावना पुष्ट होगी और पादपों को लोग कालोनी के अपने पार्कों तथा व्यक्तिगत आवासो में भी स्थापित करने को प्रेरित होंगे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Smart city of deteriorating journey

The mode of government work, the art of making every occasion a poster has become such an art, under which the public does not know what will be its future. If the public is looking for its own well-being in its silence, then it is futile to wish for the future. We can see many failures in the nature of the questions raised by Captain JM Pathania, an IAS officer who renounced his post and government prestige early on in the Dharamsala Smart City project. The goal of the Smart City project was to emerge a public map of upliftment, which is being trampled on by the development budget. That is, by subsuming the project of about 2200 crores in the departmental plans, a race has started where all the documents are cheating only with the allocated money. The projects which were supposed to be fulfilled by the citizens are doing political trickery through government files. Surprisingly, the smart city project, which is spending 13 crores on HRTC's workshop, beyond the basic concerns of the city, is creating a new signature on the wasteful and old urban infrastructure. If the funds of the Smart City project continue to be spent on the annual targets of all the departments, then what is new in front of the public. Surprisingly, hitting the core concept of smart city, only such schemes of achievements are being added in the contracting which do not fulfill the aspirations of the citizens. It is ironic that the hands that held the torch of smart city have been relentlessly moved into a tradition that is working within itself in the form of PWD, Jal Shakti and HIMUDA. Unlike public issues and issues, Smart City is just a script of bad intentions. In such a situation, we can assume that only those who sit on the raft of government money are motivated by political currents, whether the summary of Captain Pathania's suffering should come out or not, but the reality is that the public has become a mere witness of the deteriorating journey around them. Along with Dharamshala, many works of Shimla Smart City have also created such a mode, due to which neither history is being maintained nor consciousness is visible about the future. Smart city will change the work culture of HRTC by buying electric buses in the city or this project is now auctioning its ownership. Whatever be the case, if the current trend of Smart City is not stopped or if the civic sense towards it is not strengthened, then we will be sitting on the mound of the poor even after losing all the money. If we see the bus stops built under Smart City in the format of technical and design, then it will increase the chaos of urban traffic, but now every construction agency of Himachal is afraid that how many stains have been caused by misusing the available land. Will give Political, social and departmental insensitivity towards smart city projects is appalling. It is an ambition to miss an opportunity and if its wasteful expenditure is not taken care of in time and the actual design is not taken care of, then the consequences will be regrettable.

# Anupam Kher no longer gets Karan Johar, Aditya Chopra's films, the actor said- 'It hurts'

Anupam Kher's film 'The Kashmir Files' is one of the biggest hits of the year. Apart from this, he has also worked in South's film 'Karthikeya 2' which is making a splash in theaters at the moment. Anupam Kher is also working in many other South films. These films will be released in the coming days. However, the actor is also sad that he is not getting work in today's mainstream films.



Anupam Kher said that he is not getting films produced by Karan Johar, Aditya Chopra. Films not available from big banners - Anupam Kher, who has done more than 500 films in his career, has done all the big banner films of Bollywood. She has previously worked with Karan Johar, Aditya Chopra, Sajid Nadiadwala but now she is not getting their production films. Anupam Kher said that there was a time when he was his favorite but now things have changed due to unknown reasons. Found a new way too – Anupam Kher said in an interview with Times Now Navbharat, "I am no longer a part of mainstream cinema in India today. I am not I am not doing Karan Johar's film, I am not doing any Sajid Nadiadwala film, I am not doing any Aditya Chopra film because the offers have not been received. I loved those people. I have done films with everyone but I am not blaming them for not casting now because they are not casting me so I have found a new way. I did a Tamil film called Connect. I did a Telugu film called Tiger Nageswara Rao. I have also done the height of Sooraj Barjatya. So what should I do now, I am wasted. I used to act in all these films. Anupam Kher plays Jai Prakash Narayan in this film while Kangana plays former Prime Minister Indira Gandhi.

# Alia Bhatt finally reached IIT, recited saffron song of 'Brahmastra'

Alia Bhatt is known for her best acting in the current generation of actresses. These days she is busy promoting her upcoming film Brahmastra and is reaching events for it. Alia is also pregnant at this time. In this sequence, the actress also went to IIT Bombay for the promotions of the film. Alia shared some of her pictures on Instagram before going to IIT and wrote a very interesting caption with it, in which she herself quipped on her entry in this premier engineering college of the country. Alia wrote – IIT Bombay. We are coming. Thanks for the promotions. At least I can proudly say that I went to IIT. After this, Alia has written in the bracket – only for an hour. You must remember that a few years back Alia was also trolled for her poor general knowledge and she was flooded with memes. It is a thing of the past now and Alia has progressed a lot in her career and life. This caption of Alia tells what is the value of IIT in her eyes. Alia chose a casual dress to go among the students in IIT. She is wearing loose-fitting jeans pants with a loose shirt, which is comfortable even in pregnancy. Brahmastra is releasing in cinemas on 9 September. It is one of the most awaited films of this year and is releasing in Tamil, Telugu, Malayalam and Kannada languages ??along with Hindi. Alia also sang the hit song Kesaria from the film at IIT.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# राष्ट्रीय ओ. बी. सी. महासभा का सेमिनार संपन्न



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-राष्ट्रीय ओ. बी. सी. महासभा का सेमिनार संपन्नआज जनेश्वर मिश्र सभागार रेलवे रोड एटा पर राष्ट्रीय ओ.बी.सी महासभा के तत्वाधान में ओ.बी.सी आरक्षण के जनक सामाजिक न्याय के पुरोधा बी. पी. मंडल ( पूर्व मुख्यमंत्री बिहार ) की 104 वीं जयंती के उपलक्ष में सेमिनार का आयोजन किया गया।दिल्ली लखनऊ एवं अन्य प्रांतों से आए वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। मिनार की अध्यक्षता गंगा सहाय लोधी एवं मंच का संचालन डॉ नंदलाल यादवक्ष्निर्भयक्ष्ने किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता लोटन राम निषाद ने कहा- वर्तमान समय में ओ.बी.सी समुदाय की जनसंख्या तीन चौथाई से भी अधिक होने के बावजूद हम शोषित वर्ग की प्रभुता से बाहर नहीं निकल पाए। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन प्रोफेसर सनिल कुमार ने कहा- अतिवादी ताकतें ओ.बी.सी के हितों पर डाका डालने के लिए रोज नये -नये षड्यंत्र रच रही है, और ओबीसी समाज धर्म की अफीम खाकर चैन की नींद सो रहा है। नई दिल्ली से आए डॉ मुलायम सिंह यादव, कंचन यादव रिसर्च स्कॉलर जे.एन.यू नई दिल्ली,दिल्ली विश्वविद्यालय के शोधार्थी परमिंदर अंबर,सफी मंसूर गंगा सहाय लोधी आनंद लोधी ( राष्ट्रीय अध्यक्ष बैकवर्ड पार्टी ) देवेंद्र लोधी वरिष्ठ पत्रकार ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया।

इस अवसर पर आयोजक मंडल के पदाधिकारी राकेश गांधी प्रतिनिधि , अध्यक्ष नगर पालिका एटा,राष्ट्रीय ओबीसी महासभा के प्रदेश प्रभारी संदीप राजपूत, चंद्रपाल सिंह, हरि सिंह यादव, चोब सिंह धनगर राष्ट्रीय ओबीसी महासभा, जिला अध्यक्ष राजीव कुमार शाक्य, डॉ0 रश्मि यादव, लोकपाल सिंह यादव, भरतवीर, राजूराम रतन, सत्यवीर दिवाकर, सादेश मसीह, कमल सिंह एडवोकेट, राहुल कुमार, रविप्रकाश शरद, विवेक यादव, राधेश्याम, बलवीर सिंह, बसन्त यादव, वीरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र यादव मेधाब्रत शास्त्री, रामसेवक पहलवान सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 300 ग्राम नाजायज चरस के साथ एक गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना कोतवाली भिनगा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त छोटेलाल कुदई पासी पुत्र मुनेश्वर निवासी मदरहवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को भाखला पुल के पास से 300 ग्राम नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार किया अभियुक्त गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना को0भिनगा में मुकदमा अपराध संख्या 117/2022 धारा 457,380,411 भा0द0वि0 व 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया।

# महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध में शांतिपूर्ण एक पदयात्रा धरना

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आम आदमी पार्टी पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश में प्रदेश प्रभारी माननीय सांसद संजय भैया जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी ने बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध में शांतिपूर्ण एक पदयात्रा धरना स्थल एटा से होते हुए कचहरी चौराहा से गांधी मार्केट घंटाघर जीटी रोड से कैलाश मंदिर/कैलाश गंज होते हुए वली मोहम्मद चौराहा नन्नूमल चौराहा से होकर ठंडी सड़क होते हुए जीटी रोड होकर शहीद पार्क पर पार्टी पदयात्रा का समापन किया जाना तय था। जिला प्रभारी आर एस सैंगर जिला अध्यक्ष माननीय सुरेश कुमार वर्मा जी के नेतृत्व में पार्टी के जिला पदाधिकारियों के साथ-साथ सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारीगणों एवं पार्टी कार्यकर्ता को धरना स्थल पर एकत्र होते देख पुलिस प्रशासन ने जिला प्रशासन द्वारा पार्टी द्वारा पदयात्रा निकालने के लिए अनुमति न दिए जाने की बात कहते हुए पदयात्रा को रोकने का प्रयास किया पार्टी पदाधिकारियों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से पदयात्रा निकालने का पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया किंतु प्रशासन ने जबरिया पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को धरना स्थल पर ही नजर बंद कर लिया गया पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा की मोदी सरकार में बढ़ती मंहगाई एवं बेरोजगारी के विरोध में नारे बाजी की गई तो पुलिस प्रशासन ने पुलिस बल का प्रयोग करने की धमकी देते हुए जवरियां मुकदमा लिख कर जेल भेजने की कार्रवाई के आदेश देते हुए धमकाने का प्रयास किया पुलिस प्रशासन का तानाशाही रवैया देखते हुए आम आदमी पार्टी के जिला प्रभारी आर एस सेंगर, जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार वर्मा ने धरना स्थल पर ही राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष पार्टी पदाधिकारी ने राष्ट्रगान गा कर पदयात्रा का समापन किया। पदयात्रा में जिला प्रभारी आर एस सेंगर जिलाध्यक्ष सुरेश वर्मा जिला महासचिव उमेशकांत प्रतिहार जिला मीडिया प्रभारी रवीश कुमार जिला उपाध्यक्ष महिपाल सिंह एडवोकेट जिला संगठन मंत्री अशोक यादव जिला लोकपाल हरदेव सिंह सीवाईएसएस अध्यक्ष अंशुल वर्मा जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ सनमत बाबू जैन जिला महासचिव व्यापार प्रकोष्ठ मनोज कुमार गिरि युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हेमंत बघेल बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जितेंद्र आर्य महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव राजकुमारी यादव रुकनेश यादव उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ पुष्पेंद्र कुमार एटा सदर विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव मरहरा विधानसभा अध्यक्ष रामदेव भारद्वाज जिला सचिव दिवारी लाल नरेंद्र देव टिंकूल बघेल उदय प्रताप राघव यादव प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ संजय सिंह प्रभारी अलीगंज विधानसभा विवेक शाक्य नगर अध्यक्ष अलीगंज आराम सिंह दीपक सक्सेना थान सिंह एवं सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता बंधु मौजूद रहे।

# नगर विकास मंत्री से आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष ने की मुलाकात



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- शाहजहांपुर में समीक्षा बैठक में आए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा जी से मुलाकात कर नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने नगर में विकास कार्यो को लेकर नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मिलकर विकास कार्यो के लिए दिया

मांग पत्र जिसमें उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी के लिए एक आवास बनवाया जाए और अन्य मूलभूत सुविधाएं दिए जाने हेतु कई मोहल्लों में विद्युत व्यवस्था पोल एवं एलईडी लाइट कार्य कराए जाने की आवश्यकता है,साथ ही निकाय की सीमा का विस्तार नहीं किया गया है जबकि नगर की आबादी लगभग 5 वर्ग किमी हो गई है इस कारण नगर सीमा से सटी बस्तियों को मूलभूत सुविधा नहीं मिल पा रही है नगरीय मूलभूत सुविधाओं का व निकाय बढ़ोतरी हेतु इस निकाय की सीमा का विस्तार किया जाने की आवश्यकता है,नगर में पानी का एक टैंक बनवाने की आवश्यकता है,नगर विकास मंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द इन कार्यों को कराया जाएगा।

# अपर पुलिस अधीक्षक का हुआ स्थानांतरण प्रवीण कुमार यादव होंगे ए एस पी श्रावस्ती

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 दूबे का स्थानांतरण जनपद श्रावस्ती से सीबीसीआईडी लखनऊ हो जाने के उपलक्ष्य में पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। नवागत अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह पेशकार पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित समस्त शाखा प्रभारी सहित काफी संख्या में पुलिस कर्मचारीगण के मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारियो द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी के कार्यों की सराहना की गई तथा उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा स्मृति चिन्ह व फूल माला पहनाकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# नल में उतरा करंट महिला की मौत

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-श्रावस्ती पड़ोसी के घर गई महिला की नल में उतरे करंट से मौत हो गई। हादसा परशुरामपुर गांव में हुआ। नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती क्षेत्र के पुलिस चौकी रमवापुर के ग्राम परसरामपुर राधा देवी 45 वर्ष पत्नी मनीराम पड़ोस में रह रहे सुभाष मौर्य के यहां पूजा में सम्मिलित हुई थी। मुंह धुलने के लिए नल के पास पहुंची थी नल छूते ही करंट की चपेट में आ गई। उसमें टूल्लू पंप लगा था। करंट लगने की सूचना मिलते ही माइके वाले भी मौके पर पहुंच गए हैं। अभी तक पुलिस को न तो ससुराल पक्ष और न ही माइके पक्ष से कोई सूचना दी गई है।

# मोदी की महंगाई से गरीब मजदूर की रोटी थाली से जा रही ,वीरेंद्र सिंह बघेल प्रवक्ता कांग्रेस

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- प्रवक्ता कांग्रेस वीरेंद्र सिंह बघेल ने कहा है की महंगाई से देश का हर वर्ग, हर घर पीड़ित नजर आ रहा है। 2014 के पहले जिस महंगाई को भाजपा डायन बताती थी आज उसी महंगाई डायन को मोदी सरकार पाल पोस रही है। 100 दिनों में महंगाई कम करने का वादा कर देश भर की जनता का वोट बटोरने वाली मोदी सरकार अब महंगाई पर चर्चा करने से भाग रही है और महंगाई को राष्ट्रवाद की संज्ञा दिया जा रहा है। यूपीए सरकार के दौरान पेट्रोल, डीजल पर आंशिक मूल्य वृद्धि होने पर भाजपा के नेता और नेत्रियां आलू-प्याज की माला पहन कर महंगाई का दुखड़ा रोते थे और आज महंगाई पर चर्चा करने पर भाजपा की नेत्रियां कहती है प्याज और लहसुन नहीं खाती। कृषि यंत्रों रसायनिक खाद उर्वरक पर भी 28 प्रतिशत जीएसटी वसूली जा रही है। देश में कोई ऐसा वस्तु नहीं है जिस पर मोदी ट्रैक्स ना लगा हो। कांग्रेस शासनकाल पर 400 रू. में मिलने वाला रसोई गैस मोदी सरकार 1100 रू. प्रति सिलेंडर बेच रही है। महंगाई में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों का योगदान 2014 तक 2 से 3 प्रतिशत होता था, जो आज बढ़कर लगभग 15 प्रतिशत हो गया है, उसके पीछे मोदी सरकार की मुनाफाखोरी की भूख ही जिम्मेदार है। 2014 की तुलना में डीजल पर प्रति लीटर सेंट्रल एक्साइज लगभग आठ गुना अधिक है। 2014 तक 400 रुपए के गैस की सिलेंडर पर सवा सौ से 160 रुपए सब्सिडी भी मिलती थी, अब सिलेंडर 1100 का और सब्सिडी अघोषित रूप से खत्म। आवासीय किराए पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी वसूलने का प्रावधान किया गया है यदि जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत व्यक्ति, कंपनी या संस्थान के द्वारा घर किराए पर लिया गया हो। यही नहीं प्रतिदिन 1000 रुपए से कम किराए के होटल के कमरों पर भी अब 12 प्रतिशत जीएसटी वसूल रही है मोदी सरकार। अस्पताल के कमरे के किराए से लेकर कफन के कपड़े तक, पूजन सामग्री दूध दही से लेकर दाल, चावल, आटा सभी पर निर्ममता पूर्वक कर वसूल रही है मोदी सरकार।

# सूरजपुर कलेक्टर ने की बिहारपुर चांदनी क्षेत्र का दौरा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-बिहारपुर- सूरजपुर जिले के दूरस्थ अंचल बिहारपुर चांदनी क्षेत्र में पूर्व कलेक्टर गौरव सिंह के द्वारा लगातार 15 दिन में जनसंवाद कैम्प लगाकर लगातार सुनवाई की जाती थी स्थानांतरण होने के बाद वर्तमान कलेक्टर सुश्री ईफ्फत आरा ने दूसरी बार बिहारपुर चांदनी क्षेत्र में पहूंची है जहां नावाटोला बार्डर की निरिक्षण की जिसके बाद निर्माणाधीन कॉलेज का बिल्डिंग देखने पहुंची जहां ग्रामीणों ने घटिया निर्माण को लेकर शिकायत दर्ज कराई ग्रामीणों ने कहा घटिया तरीके से निर्माण किया जा रहा है जिस पर कलेक्टर ने जांच कराने की बात कही बिहारपुर कैंपस में जाने के बाद पूर्व कलेक्टर के द्वारा बनाए गए उप ब्लॉक केम्प बंद होने की सूचना ग्रामीणों ने दी जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को फटकार लगाते हुए तत्काल ऑपरेटर और सप्ताह में एक बार जनपद सीईओ को बैठने की निर्देशित किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिहारपुर का निरीक्षण करने पहुंची नवनिर्मित 30 लाख की लागत से बने कोविड-सेन्टर का घटिया निर्माण करने से फॉल सीलिंग टूट कर लाखों के दवाओं पर गिरा पड़ा था जिसे देखकर कलेक्टर ने डॉक्टरों पर भड़की इसके बाद कन्या हाई स्कूल के अच्छे छत को देखते हुए निर्माण कराते हुए पंचायत सचिव को कहा फाल सीलिंग कि इसमें आवश्यकता नहीं है पैसे का दुरुपयोग ना करें।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 20 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ सेमिनार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-कासगंज।आज यहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 वर्ष के कार्य काल पूरे होने पर कलावती पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में एक सेमिनार का आयोजन एटा के सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ, कार्य क्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं डॉ राधाकृष्ण दीक्षित, भाजपा जिलाध्यक्ष के पी सिंह सोलंकी और कालेज के प्रधानाचार्य रोहिताश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ! इस अवसर पर मोदी 20 डीम डिलीवरी विषय पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि कि मोदी जी ने इन 20 वर्षों में एक युग पुरुष के रूप में प्रस्तुत किया है उन्होंने देश की उन जरुरतों के अनुरूप कार्य किया है जिसकी देश और समाज को आवश्यकता होती है, उन्होंने छात्र छात्राओं युवाओं के मन में उत्साह, दिशा बोध का संचरण किया है उन्होंने 20 वर्षों में राष्ट्र को न ई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, उन्होंने राष्ट्र की तस्वीर को बदला है यह वह स्थिति है जिसकी राष्ट्र को प्रतीक्षा थी! इस अवसर पर जिला महामंत्री राजवीर भल्ला, संजय सोलंकी, नवल कुलश्रेष्ठ, महेंद्र सिंह राना, कौशल साहू, राकेश अग्रवाल, कुमकुम वार्ष्णेय, सीमा शाक्य, अनीता उपाध्याय, रविन्द्र ब्रह्मचारी, विष्णु देव पाठक, कुलदीप प्रतिहार, डॉ खूब सिंह लोधी, डॉ सान्त्वना पाराशर, प्रशांत राजपूत , नरेंद्र राजपूत, गजेन्द्र राजपूत, बब्लू ठाकुर, विवेक पाण्डेय, राधारमण लोधी और जिला मीडिया प्रभारी के के सक्सेना मौजूद थे!

# एक ही परीवार के 3 बच्चे की तालाब में डूबने से मौत

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही-मरवाही विधानसभा के अंतर्गत ग्राम बहुटा डोल का है एक ही परिवार के एक ही माता पिता के 3 बच्चों के तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई. चांदनी 16 वर्ष ,सुधार 12 वर्ष, भागवती 8 वर्ष तीनों पिता तुलसी सिंह निवासी पथर्री जोकि अपने खेती-बाड़ी के काम से बहुता डोल आए हुए थे

और उनके माता-पिता दोनों खेती के काम में व्यस्त हो गए कि तीनों बच्चे बहुटा डोल सरपंच के घर के पीछे बने डेबरी/तालाब मैं नहाने चले गए इधर घटना से अनजान माता-पिता अपने अपने काम में व्यस्त रहे जब उन्होंने बच्चों को नहीं देखा तो आवाज लगाई आवाज ना सुन कर इधर-उधर खोजने लगे खोजने के दौरान एक बच्चे का शरीर उस तालाब में दिखा जिसे देखकर उन्होंने शोर मचाया जिसे सुनकर काफी सारे ग्रामीण इकठ्ठा हो गए और सब की तलाशी तालाब के अंदर की गई जिसके दौरान तीनों उक्त तालाब में डूबे हुए मिले। इसे देखकर किसी ने आपातकालीन डायल 108 को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर ड्यूटी पर तैनात ईएमटी चंद्रिका पायलट प्रेम तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों के लेकर मरवाही अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरी परीक्षण उपरांत तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया इस घटना को जिसने भी देखा सभी स्तब्ध रह गए, सभी की आंखें नम हो गई पुरा क्षेत्र इस घटना के उपरांत गमगीन हो गया।

# कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- मा0 राज्यमंत्री इलेक्ट्रनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश सरकार श्री अजीत पाल सिंह जी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न मा0 मंत्री जी ने कलक्ट्रेट प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र, छात्राओं को वितरित किए टैबलेट मा0 राज्य मंत्री ने विकासखण्ड निधौलीकलां के ग्राम बमनई में जनचौपाल के दौरान सुनी ग्रामीणजनों की समस्याएं एकीकृत कोविड कमाण्ड सेंटर, मलिन बस्ती अम्बेडकर नगर, सीएचसी निधौलीकलां, अस्थायी गौआश्रय स्थल धौलेश्वर का किया निरीक्षण

# नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ की नारेबाजी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नगर के प्रमुख कैलाश मंदिर मार्ग पर बना खड्डा लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रहा है कैलाश मंदिर मार्ग पर सड़क पर एकत्रित होकर स्थानीय लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ की नारेबाजी थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत शहर के अति प्राचीन कैलाश मंदिर मार्ग पर बना खड्डा लोगों के लिए मुसीबत बन गया है, गड्ढे की वजह से लोगों को आए दिन उसकी चपेट में आकर हादसे का शिकार होना पड़ रहा है। आपको बता दें आज कैलाश गंज स्थित लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष मीरा गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द से जल्द गड्ढे का निर्माण कराने की मांग की है, वही लोगों का कहना है गड्ढे की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं एक स्कूली बच्ची गड्ढे की चपेट में आ गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई अगर जल्द से जल्द गड्ढे का निर्माण नहीं किया गया, तो वह प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होंगे